आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 19.07.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी।
- जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज से इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर और केमिकल साइंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आंगनवाड़ी व क्रेच चलाया जा रहा है।
- माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में आई गड़बड़ी के कारण बड़े उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का कामकाज बाधित हुआ है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान के तहत नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><>

सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा कल शाम जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करना सुगम बनाने के उद्देश्य से उन्नीस सौ चौंतीस के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक दो हजार चौबीस को भी सूचीबद्ध किया है। संसद का मानसून सत्र बाईस जुलाई से बारह अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तेईस जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया है, जो संसदीय एजेंडा तय करती है। इस समिति के अध्यक्ष श्री बिड़ला होंगे।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज से इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर और केमिकल साइंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह का सम्मेलन विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराता है, जहां शोध और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है। उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। सम्माननीय अतिथि भारतीय वनस्पति विज्ञान के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने कहा कि इस द्वीपसमूह की पहचान न सिर्फ इसके भौगोलिक संरचनाओं से है, बल्कि यहां की जैव विविधता भी इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि बहुआयामी

शोध से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में सहयोग मिलेगा। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य हमारे विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न करना है। हम ऐसे भारत का निर्माण कर सके, जहां प्रौद्योगिकी सभी के लिए आसान हो सके। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के रज्जू भईया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव के अलावा डॉ. मिथिलेश यादव ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन के सह–संयोजक और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के डॉ. कंडीमुत्थु ने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व भारत की ओर देख रहा है, जो विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में आंगनवाड़ी व क्रेच चलाया जा रहा है। कर्मशील महिलाओं के समक्ष बच्चों को पालने की चुनौतियों के मद्देनजर और उन्हें बाल देखभाल के लिए सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसे केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों में खेलकूद की सामग्रियों के साथ पढ़ने–लिखने और भोजन की भी व्यवस्था की गई है। छः वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के इच्छुक अभिभावक ब्रिचगंज नम्बर तीन, चक्करगांव, स्कूल लाईन एक, सूर्यचक बम्बूफ्लाट, मायाबंदर जेट्टी सेक्टर छः, लटाओ सेक्टर छः और डिगलीपुर सेक्टर दो मे संचालित इन केन्द्रों के लिए अपने बच्चों के नाम दर्ज करा सकते हैं। फरारगंज, रंगत और डिगलीपुर के सीडीपीओ से इस बारे में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में आई गड़बड़ी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और बड़े उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का कामकाज बाधित हुआ है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलांइस का कामकाज पूरे देश में प्रभावित हो गया है। पूरे विश्व में एयरलाइन्स का कहना है कि उनकी चैक–इन प्रणाली में सुबह से ही गड़बड़ी हो रही है। वे अभी इस समस्या के समाधान के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ सम्पर्क बनाए हुए हैं। भारत में मुम्बई हवाई अड्डा सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जबकि दिल्ली हवाई अड्डे पर कामकाज में सबसे अधिक बाधा टर्मिनल–दो पर आ रही है। यह गड़बड़ी कथित तौर पर अमरीका स्थित साइबर सुरक्षा प्रदाता क्राउडस्ट्राइक से संबंधित है। इसका 'फाल्कन सेंसर' सुरक्षा डेटा इकट्ठा करने के लिए कई व्यावसायिक कंप्यूटरों पर स्थापित किया गया है। "क्राउडस्ट्राइक ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा है कि उसे फाल्कन सेंसर से संबंधित विंडोज के क्रैश होने की जानकारी मिली है। कंपनी ने कहा है उनकी इंजीनियरिंग टीमें इस समस्या को सुलझाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जुलाई दो हजार पच्चीस में कक्षा आठवीं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। परीक्षा

एक दिसम्बर को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रपत्र और बुकलेट आर. आई एम. सी. से प्राप्त किए जा सकते हैं। आर. आई एम सी के वेबसाईट पर जाकर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार छः सौ रूपए और अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार पांच सौ पचपन रूपये का भुगतान कर आवेदन प्रपत्र हासिल कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्‌ट भेज कर भी आवेदन प्रपत्र मंगाया जा सकता है। सिर्फ आर. आई एम सी द्वारा जारी किए गए आवेदन प्रपत्र ही वैध माने जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार तीस सितम्बर तक संबंधित राज्य सरकारों को आवेदन पत्र भेज सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में नालों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हैडो क्षेत्र में कल यह अभियान चलाया गया। परिषद की ओर से नियमित रूप से उचित तरीके से कचरा प्रबंधन करने और कचरों को नालों आदि में न फेंकने के लिए जागरूकता भी उत्पन्न की जा रही है। संयुक्त प्रयासों से शहर को साफ–सुथरा बनाए रखने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परिषद के सचिव अमित काले ने लोगों से प्लास्टिक और अन्य प्रकार के कचरों को नालों में न फेंकने का अनुरोध किया है। इससे नाले जाम होते हैं और जल–प्रवाह नहीं हो पाता है तथा इससे बीमारी भी उत्पन्न होती है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कीस दशमलव पांच मिलीमीटर, कार निकोबार में सोलह, हटबे और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पन्द्रह दशमलव दो, लांग आइलैंड में दस दशमलव दो और पोर्ट ब्लेयर में नौ दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><><><><>